# स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में **देवघर इंफ्रा लिमिटेड** के सदस्य

## एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबधी रिपोर्ट

### मत

हमने **देवघर इंफ्रा लिमिटेड** ("कंपनी") के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिनमें 31 मार्च, 2019 को तुलन-पत्र, उस समय समाप्त वर्ष के लिए लाभ व हानि विवरण, इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण और नकद प्रवाह विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना सहित वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पणियां शामिल हैं।

हमारे  मत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण यथापेक्षित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अपेक्षित सूचना देते हैं और 31 मार्च, 2019 को कंपनी के कार्यों की स्थिति उसके लाभ एवं हानि (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तनों और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसके नकद प्रवाहों की भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और उचित दृष्टिकोण देते हैं।

### मत का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षण संबंधी मानकों (एसए) के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियां हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां भाग में वर्णित की गई हैं। हम उन नीतिगत अपेक्षाओं के साथ इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी नीति संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं जो अधिनियम और उसके तहत बनाई गई नियमावली के प्रावधानों के तहत एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए संगत हैं और हमने इन अपेक्षाओं और नीति संहिता के अनुसार अपनी नीतिगत जिम्मेदारियां पूरी की हैं। हमारा विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है, वह हमारे मत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त है।

### प्रभावी मामला संबंधी पैरा

*01. कंपनी ने पूंजीगत चल रहे कार्य में ब्याज, सामान्य प्रशासन और बकाया सेवाओं से युक्त सभी व्यय शामिल किए हैं जो तुलन पत्र की तारीख की स्थिति के अनुसार 29,44,353 रु. है। यह कंपनी पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है और विद्युत प्रणाली तथा एकीकृत ईंधन प्रणाली के निर्माण, प्रचालन और रख रखाव के लिए कोयला ब्लॉक लाइसेंस, कोयला ब्लॉक भूमि और कॉरीडोरों के लिए भूमि सहित झारखंड राज्य में प्रस्तावित अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजना ("परियोजना") के लाइसेंसयुक्त परिसरों का धारण करने के लिए और भूमि के पट्टा लाइसेंस, कोयला ब्लॉकों के लिए एक प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) के रूप में निगमित किया गया था। कंपनी द्वारा अपनाई जा रही नीति के अनुसार, उपर्युक्त अवसंरचना और परिसंपत्तियों को अधिग्रहीत करने की प्रक्रिया में किए गए सभी खर्चे (सामान्य ऊपरी खर्चों सहित) चल रहे पूंजीगत कार्य के रूप में बुक किए गए हैं। सीडब्ल्यूआईपी का भाग बनने वाली इन परिसंपत्तियों का मूल्य/लागत एसपीवी के अंतरण के समय मामले भारत सरकार की लागू नीति के अनुसार परियोजना के उत्पादकों/सफल बोलीदाताओं से वसूल की जानी होती है। परियोजना से संबंधित कोई भी विशिष्ट क्रियाकलाप संगत वित्तीय वर्ष के दौरान नहीं किया गया है और साथ निगमीकरण से, लगाई गई लागतें धारक कंपनी/साथी सहायक कंपनी के वितपोषण, समूह की परामर्शी कंपनी द्वारा सामान्य ऊपरी खर्चों को आनुपातिक रूप से लगाकर सामान्य ऊपरी खर्चों और ब्याज प्रभारों के रूप में है। लागू भारतीय लेखांकन मानकों के अनुसार जिस अवधि में हाथ में परियोजना के लिए कोई विकास क्रियाकलाप नहीं किए गए हैं, उस दौरान किए गए इन खर्चों को लाभ एवं हानि विवरण में लगाया जाना होता है। अतः यह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 में उल्लिखित लेखांकन मानक 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर से अलग होना है। तथापि, प्रबंधन के अनुसार चूंकि ये व्यय पूर्ण रूप से परियोजना के बोलीदाता से एसपीवी के अंतरण के समय भविष्य में वसूल किए जाने योग्य हैं, अतः उन्हें हानि के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। तथापि, संभावित बोलीदाता से भविष्य में वसूल की जाने वाली यह राशि सुनिश्चित करना अनिश्चित है, यह सुनिश्चित करना अनिश्चित है कि क्या व्यय को पूंजीगत परिसंपत्ति में रखा जाएगा और यहां तक कि प्रस्तावित परियोजना का कार्यान्वयन दिए गए समय में अनिश्चित है क्योंकि भारत सरकार की कोई नीति नहीं बनी है।*

*02. कंपनी ने पीएफसीसीएल के नाम पर सामान्य सेवा प्रदाताओं के सामान्य खर्चों के बिलों की प्रतियों सहित प्रस्तुत, मैसर्स पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) की ऋण टिप्पणियों के माध्यम से भाग बनने वाली लेवी के रूप में व्यय लगाए गए हैं। पीएफसीसीएल को किए गए इन भुगतानों से किसी टीडीएस की कटौती नहीं की गई है। प्रबंधन के अनुसार, पीएफसीसीएल द्वारा, जहां कहीं लागू हो, उनके द्वारा किए गए भुगतानों पर टीडीएस की कटौती की जा रही है और कंपनी को पीएफसीसीएल को किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति के लिए टीडीएस की कटौती नहीं करनी होती है। दोनों तरह से कंपनी वित्तीय रूप से प्रभावित हो सकती है।*

तथापि, इन टिप्पणियों के आधार पर हम ऊपर व्यक्त अपने मूल मत में संशोधन नहीं करते हैं।

**एकल वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का दायित्व और शासन पर लगाए गए दायित्व**

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में यथा-उल्लिखित इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन (अन्य व्यापक आय सहित), अधिनियम की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की इक्विटी और नकद प्रवाहों में परिवर्तनों की सही तस्वीर देते हैं। इस जिम्मेवारी में यह भी शामिल है कि कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए और धोखाधड़ियों एवं अन्य अनियमितताओं के निवारण एवं संसूचन के लिए अधिनियम के उपबंधों के अनुसरण में पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखे जाएं; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग किया जाए; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय और आकलन किए जाएं; और ऐसे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का कार्यान्वयन तथा रख-रखाव किया जाए, जो लेखांकन अभिलेखों की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे जो उन वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुती से संगत हैं जो सही के कारण हो या त्रुटि के कारण हो।

एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने में निदेशक बोर्ड कंपनी की एक चलती रहने वाली कंपनी के रूप में जारी रहने की क्षमता का मूल्यांकन करने, यथा लागू स्थिति प्रकट करने, चल रही कंपनी से संबंधित मामलों और तब तक लेखांकन की चल रही कंपनी के आधार का प्रयोग करने का मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार है जबकि निदेशक बोर्ड या तो कंपनी का परिसमापन करने का इरादा करे अथवा प्रचालन बंद कर दे अथवा ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक बोर्ड कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने के लिए भी उत्तरदायी होता है।

**एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां**

हमारा उद्देश्य इस संबंध में उपयुक्त आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या एकल वित्तीय विवरण समग्र रूप से वास्तविक गलत विवरण से मुक्त है, क्या धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण, और लेखा परीक्षा की उस रिपोर्ट को जारी करने के लिए जिसमें हमारा मत शामिल है, गलत विवरण से मुक्त हैं। उपयुक्त आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन होता है, परंतु एक गारंटी नहीं होती है कि लेखा परीक्षण संबंधी मानकों के अनुसार की गई लेखा परीक्षा उस वास्तविक गलत विवरण का हमेशा पता लगाए जो मौजूद है। गलत विवरण धोखाधड़ी और त्रुटि से बन सकते हैं और यदि अलग-अलग अथवा समग्र रूप में वास्तविक माने जाते

हैं तो वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए प्रयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने के लिए उपयुक्त रूप से प्रत्याशित हो सकते हैं।

लेखा परीक्षण संबंधी मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में हम व्यावसायिक निर्णय लेते हैं और पूरी लेखा परीक्षा के दौरान व्यावसायिक संदेहवाद बनाये रखते हैं। हम निम्नलिखित भी करते हैं:

- एकल वित्तीय विवरणों का वास्तव में गलत विवरण देने के जोखिमों की पहचान करना और उनका मूल्यांकन करने कि क्या वे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं निष्पादित करने और तैयार करने तथा लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के कारण हैं जो कि हमारे मत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त है। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप वास्तविक गलत विवरण का पता न लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में टकराव, धोखेबाजी, इरादतन चूक, गलत प्रतिनिधित्व अथवा आंतरिक नियंत्रण का ओवरराइड हो सकता है।
- लेखा प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए लेखा परीक्षा से संगत आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना जो उन परिस्थितियों में उपयुक्त हो। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस संबंध में अपना मत व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली विद्यमान है और उन नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभावकारिता भी है।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटनों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना।
- लेखांकन का चल रही कंपनी के आधार का प्रबंधन के प्रयोग की उपयुक्तता के संबंध में और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या उन घटनाओं और स्थितियों से संबंधित वास्तविक अनिश्चितता विद्यमान है जिनसे कंपनी के रूप में जारी रहने की योग्यता पर काफी संदेह बन सके। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि वास्तविक अनिश्चितता विद्यमान है तो हमें वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों की हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करना होता है अथवा यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं तो अपने मत में संशोधन करना होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर हैं। तथापि, भावी घटनाओं अथवा स्थितियों से कंपनी का चालू रूप में जारी रहना बंद हो सकता है।

- प्रकटनों सहित एकल वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय वस्तु का मूल्यांकन करना और क्या वित्तीय विवरण उल्लिखित लेन-देनों और उन घटनाओं का उस तरीके से प्रतिनिधित्व करते हैं जो उचित प्रस्तुति हासिल करती हैं।

हम आंतरिक नियंत्रण में किसी महत्वपूर्ण कमी जिसकी हम लेखा परीक्षा के दौरान पहचान करते हैं, सहित लेखा परीक्षा एवं महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा परिणामों के नियोजित क्षेत्र और समय एवं अन्य मामलों के संबंध में शासन पर लगाए गए मामलों के साथ सूचित करते हैं।

हम एक विवरण के साथ शासन पर लगाए गए वही मामले भी देते हैं जिनका हमने स्वतंत्र होने के संबंध में संगत नीतिगत अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और उनको सूचित करने के लिए सभी संबंध और अन्य मामले जो हमारी स्वायत्ता को लेने के लिए उपयुक्त रूप से माने जाएं और जहां लागू हों, संबंधित रक्षोपाय हों।

**अन्य विधिक तथा विनियामक अपेक्षाओं संबंधी रिपोर्टः**

1. अधिनियम की धारा 143 की उप धारा (11) के संदर्भ में भारत की केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी कम्पनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 (“आदेश”) की अपेक्षाओं के अनुसार हम आदेश के पैरा 3 तथा 4 में विनिर्दिष्ट विषयों संबंधी विवरण यथा लागू सीमा तक संलग्न "अनुबंध-I" में देते हैं।

2. हम अधिनियम की धारा 143(5) के अनुसार, कंपनी की बहियों और रिकार्डों की ऐसी जांच के आधार पर जिसे हम उपयुक्त मानते हैं और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों और उप निर्देशों के में संबंध में "अनुबंध-II" में हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार अपनी रिपोर्ट संलग्न कर रहे हैं।

3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   क. हमने ऐसी सभी सूचना और स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त कर लिए हैं, जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन से आवश्यक थे।

   ख. जहां तक लेखा बहियों की हमारी जांच से पता चलता है, हमारी राय में कंपनी द्वारा कानून के अनुसार यथा अपेक्षित उपयुक्त लेखा बहियां रखी गई हैं।

   ग. इस रिपोर्ट में जिस तुलन पत्र, लाभ व हानि विवरण, इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण और नकद प्रवाह विवरण के संबंध में ब्यौरे दिए गए हैं, वे लेखा बहियों से मेल खाते हैं।

   घ. हमारे मत में, उपर्युक्त प्रभाव मामला पैरा 1 के रूप में हमारी टिप्पणियों के मद्देनजर उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण, कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय

लेखांकन मानक 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को छोड़कर भारतीय लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

ङ सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) के अनुसरण में निदेशकों को अयोग्य ठहराने संबंधी इस अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

च. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन संबंधी प्रभावकारिता के संबंध में, "अनुबंध-III" में हमारी पृथक रिपोर्ट देखें।

छ. सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) के अनुसरण में प्रबंधकीय पारिश्रमिक के संबंध में इस अधिनियम की धारा 197 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

ज. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम यह सूचित करते हैं कि-

i. कंपनी में कोई लंबित विवाद नहीं है जिनका उसकी वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़े।

ii. कंपनी की कोई दीर्घकालिक संविदाएं, जिसमें व्युत्पन्न करार भी शामिल हैं, नहीं थीं जिनके लिए कोई वास्तविक पूर्वानुमानीय हानियां हों।

iii. ऐसी कोई धनराशि नहीं थीं जिसे कंपनी द्वारा निवेश शिक्षा एवं संरक्षण निधि में अंतरित किए जाने की अपेक्षा थी।

**कृते यू. के. गोएंका एंड कं.**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या : 010549एन**

**आशु गोएंका**
**(साझीदार)**
**सदस्यता संख्या : 525738**

**स्थान :** नई दिल्ली
**तारीख :** 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध-I**

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए देवघर इंफ्रा लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट में उल्लिखित अनुबंध

हम रिपोर्ट देते हैं किः

1) कंपनी में चल रहे पूंजीगत कार्यों को छोड़कर कोई अचल परिसंपत्तियां नहीं हैं। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (i) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।
2) कंपनी की कोई मालसूची नहीं है। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (ii) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।
3) कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में कंपनियों, प्रतिष्ठानों एवं अन्य पार्टियों को कोई ऋण, प्रतिभूति सहित अथवा प्रतिभूति रहित, नहीं दिया है।
4) हमारे मत में और दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 के तहत निर्धारित किए गए अनुसार अपने किसी भी निवेशक को तथा उसकी ओर से कोई ऋण, गारंटी और प्रतिभूति नहीं है तथा कंपनी ने किए गए ऋणों के संबंध में अधिनियम की धारा 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।
5) कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारे मत में कंपनी ने धारा 73 से 76 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 एवं उसके तहत बनाए गए नियमों के अन्य संगत प्रावधानों के अंतर्गत जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है।
6) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, लागत रिकार्डों का रख रखाव कंपनी के किसी भी क्रियाकलाप के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप धारा (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है।
7) क) कंपनी ने उपयुक्त प्राधिकारियों के पास भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आय कर, वस्तु एवं सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, उप कर एवं अन्य सांविधिक देयों सहित अविवादित सांविधिक देय जमा करने में नियमित है। हमें दिए गए सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार सांविधिक देयों के देय होने की तारीख से 6 माह से अधिक की अवधि के लिए कोई बकाया अविवादित सांविधिक देय नहीं है।

ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, वस्तु एवं सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और मूल्यवर्धित कर के संबंध में कोई विवादित सांविधिक देय भुगतान योग्य नहीं है जो 31 मार्च, 2019 को बकाया हो।

8) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था अथवा डिबेंचरधारक से कोई ऋण नहीं लिया है। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (viii) कंपनी पर लागू नहीं है।

9) कंपनी ने वर्ष दौरान प्रारंभिक पब्लिक ऑफर अथवा आगे पब्लिक ऑफर (ऋण प्रपत्रों सहित) और सावधि ऋण के रूप में कोई धन नहीं जुटाया है। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (ix) कंपनी पर लागू नहीं है।

10) की गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के आधार पर, कंपनी द्वारा अथवा कंपनी पर उसके अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा कोई धोखाधड़ी लेखा परीक्षाधीन वर्ष के दौरान नहीं देखी गई है और न ही इसकी सूचना मिली है।

11) सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) के अनुसरण में प्रबंधकीय पारिश्रमिक के संबंध में अधिनियम की अनसूची V के साथ पठिन धारा 197 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (xi) कंपनी पर लागू नहीं है।

12) हमारी राय में और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी निधि कंपनी नहीं है, अतः चूक के संबंध में आदेश के पैरा 3 का खंड (xii) कंपनी पर लागू नहीं है।

13) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन-देन अपने व्यापार की साधारण प्रक्रिया में किए हैं और इसीलिए अधिनियम की धारा 177 और 188 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं। तथापि, लागू लेखांकन मानकों की अपेक्षा के अनुसार वित्तीय विवरणों में इन लेन-देनों के ब्यौरे प्रकट किए गए हैं।

14) कंपनी के रिकार्ड के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों का कोई पक्षपातपूर्ण आबंटन/प्राइवेट प्लेसमेंट अथवा पूर्णतः अथवा आंशिक परिवर्तनीय डिबेंचर नहीं दिए हैं। अतः आदेश के पैरा 3 का (xiv) कंपनी पर लागू नहीं है।

15) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने निदेशकों अथवा उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ गैर-नकद लेन-देन नहीं किए हैं। अतः आदेश के पैरा 3 का खंड (xv) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

16) हमारे मत में और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए के अंतर्गत पंजीकृत किया जाना अपेक्षित नहीं है।

**कृते यू. के. गोएंका एंड कं.**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या : 010549एन**

**आशु गोएंका**
**(साझीदार)**
**सदस्यता संख्या : 525738**

**स्थान :** नई दिल्ली
**तारीख :** 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध-II**

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए देवघर इंफ्रा लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट में उल्लिखित अनुबंध।

**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए**
**हम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षकों को जारी निर्देशों के उत्तर**

| क्रम सं. | विवरण | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेन-देनों की प्रक्रिया के लिए कोई प्रणाली लागू है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभावों, यदि कोई हैं, सहित लेखों की सत्यनिष्ठा के संबंध में आईटी प्रणाली से बाहर लेखांकन लेन-देनों की प्रक्रिया के प्रभाव बताए जाएं। | जी हाँ, कंपनी में आईटी प्रणाली अर्थात ओरेकल के माध्यम से सभी लेखांकन लेन-देनों की प्रक्रिया करने के लिए प्रणाली विद्यमान है। हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम सूचना तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी में ओरेकल में तैनात प्रविष्टियों की सत्यता का सत्यापन करने के लिए पर्याप्त नियंत्रण प्रणाली है। |
| 2. | क्या मौजूदा ऋण का कोई पुनर्गठन है अथवा ऋणों/ब्याज आदि की छूट अथवा बट्टे खाते में डालने के कोई मामले हैं जो कंपनी की ऋण को लौटाने की अक्षमता के कारण कंपनी को उधारदाता द्वारा दिए गए थे? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव बताएं जाएं। | ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने के कोई मामले नहीं हैं, अतः यह खंड लागू नहीं है। |
| 3. | क्या केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों का समुचित रूप से हिसाब लगाया गया था/निबंधन एवं शर्तों के अनुसार उसका उपयोग किया गया था? विचलन के मामलों की सूची। | केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य कोई निधियां नहीं हैं। अतः यह खंड लागू नहीं है। |

**कृते यू. के. गोएंका एंड कं.**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या : 010549एन**

**आशु गोएंका**
**(साझीदार)**
**सदस्यता संख्या : 525738**

**स्थान :** नई दिल्ली

**तारीख :** 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध-III**

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए देवघर इंफ्रा लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट में उल्लिखित अनुबंध।

**कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप धारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों संबंधी रिपोर्ट**

हमने 31 मार्च, 2019 को **देवघर इंफ्रा लिमिटेड** ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग के साथ-साथ, कंपनी के उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा की है।

**आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का दायित्व**

भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की "लेखापरीक्षा के बारे में निदेशात्मक टिप्पणी" में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रणों के मूलभूत तत्वों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना और रख-रखाव के लिए उत्तरदायी होता है। इन दायित्वों में अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित कंपनी की नीतियों का अनुपालन करने, इसकी परिसंपत्तियों की संरक्षा करने, धोखाधड़ी और त्रुटियों से बचने और उनका पता लगाने, लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने तथा विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय से तैयार किए जाने सहित कंपनी के व्यवसाय का व्यवस्थित एवं दक्ष संचालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रभावी रूप से अमल में लाए जा रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रूप-रेखा तैयार करना, उनका कार्यान्वयन करना और उनका अनुपालन करते रहना शामिल है।

**लेखापरीक्षकों का दायित्व**

हमारा दायित्व, अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में अपना मत व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखा परीक्षा का संचालन भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के बारे में जारी मार्गदर्शक टिप्पणी ("मार्गदर्शक टिप्पणी") और आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा संबंधी मानकों के अनुसार किया है, जो आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर यथा स्थिति प्रयोज्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित समझे गए हैं, दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की किसी भी लेखा परीक्षा पर लागू होते हैं, और दोनों ही भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

संस्थान द्वारा जारी किए गए हैं। ये मानक और मार्गदर्शक टिप्पणियां यह अपेक्षा करते हैं कि हम नीतिपरक अपेक्षाओं का अनुपालन करें और इस बारे में तर्कसंगत रूप से आश्वस्त होने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक की स्थापना की गई थी और उसका रख-रखाव किया गया था और क्या ये सभी नियंत्रण हर दृष्टि से प्रभावी रूप से प्रचालित किए गए थे।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और उनके प्रचालन संबंधी प्रभावकारिता के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का निष्पादन शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में समझ प्राप्त करना, किसी गंभीर कमजोरी की मौजूदगी के जोखिम का आकलन करना, और आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की रूप रेखा एवं प्रचालन प्रभावकारिता का परीक्षण एवं मूल्यांकन करना शामिल है। इसके लिए चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षा के विनिश्चय, जिसमें वित्तीय विवरणों के गंभीर मिथ्या-कथनों, चाहे वे कपट से किए गए हों या गलती से हो गए हों, के जोखिमों का आकलन शामिल है, पर निर्भर करती हैं।

हमें विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं वे कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की प्रणाली के बारे में हमारी लेखा परीक्षा राय का आधार बनने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का आशय**

किसी कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का आशय उस प्रक्रिया से है, जिसमें वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसरण में बाहरी प्रयोजन के लिए वित्तीय विवरण तैयार किए जाने के बारे में यथोचित विश्वास पैदा किया जाता है। किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में वे नीतियां और पद्धतियां शामिल होती हैं, जो (1) ऐसे अभिलेख तैयार किए जाने के बारे में होती हैं, जिनसे उस कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देन और निपटान की सटीक और निष्पक्ष तस्वीर यथोचित विवरण के साथ प्रस्तुत करते हैं; (2) इस आशय का यथोचित विश्वास दिलाते हैं कि लेन-देन यथावश्यक तरीके से वित्तीय विवरण सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और कंपनी का पावती एवं व्यय कंपनी के प्रबंधन एवं निदेशकों को दिए गए प्राधिकार के अनुसरण में ही किया जा रहा है; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों, जिनका गंभीर प्रभाव वित्तीय विवरणों पर पड़ सकता था, के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, अथवा निपटान से बचाव या इनका समय से पता लग जाने का यथोचित विश्वास दिलाते हैं।

**वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं**

वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं, जिसमें मिलीभगत की संभावना अथवा नियंत्रणों का अनुचित प्रबंधन अथवा उल्लंघन शामिल हैं, के कारण गलती या धोखाधड़ी से किए जाने वाले गंभीर मिथ्या कथन और इनका पता भी न चल पाने की स्थिति बन सकती है। साथ ही, वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी मूल्यांकन का भावी अवधियों पर अनुमान इस जोखिम के अध्यधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तनों के कारण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में कमी आ सकती है।

**राय**

हमारी राय में कंपनी में, सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मौजूद हैं और ये वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2019 को, भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के बारे में निदेशात्मक टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रणों के मूलभूत तत्वों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड में आंतरिक नियंत्रण पर आधारित है।

**कृते यू. के. गोएंका एंड कं.**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या : 010549एन**

**आशु गोएंका**
**(साझीदार)**
**सदस्यता संख्या : 525738**

**स्थान :** नई दिल्ली
**तारीख :** 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड**
**(सीआईएन: यू93000डीएल2015जीओआई282164)**
**31 मार्च, 2019 को तुलन पत्र**

(₹ सौ में)

| | विवरण | टिप्पणी सं. | 31 मार्च, 2019 को | 31 मार्च, 2018 को | 01 अप्रैल, 2017 को |
|---|---|---|---|---|---|
| (I) | **परिसंपत्तियां** | | | | |
| (1) | **गैर-चालू परिसंपत्तियां** | | | | |
| | (क) चल रहे पूंजीगत कार्य | 4 | 29,443.53 | 25,255.89 | 14,411.85 |
| (2) | **चालू परिसंपत्तियां** | | | | |
| | (क) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | | |
| | (i) नकदी एवं नकदी समतुल्य | 5 | 417.50 | 6,712.50 | 5,000.00 |
| | **कुल परिसंपत्तियां** | | **29,861.03** | **31,968.39** | **19,411.85** |
| (II) | **इक्विटी और देयताएं** | | | | |
| (1) | **इक्विटी** | | | | |
| | (क) इक्विटी शेयर पूंजी | 6 | 5,000.00 | 5,000.00 | 5,000.00 |
| | (ख) अन्य इक्विटी | 7 | (341.80) | (341.80) | (341.80) |
| | **कुल इक्विटी** | | 4,658.20 | 4,658.20 | 4,658.20 |
| (2) | **देयताएं** | | | | |
| (क) | **गैर-चालू देयताएं** | | | | |
| | (क) वित्तीय देयताएं | | | | |
| | (i) उधार | 8 | 24,367.58 | 25,015.19 | 14,466.15 |
| (ख) | **चालू देयताएं** | | | | |
| | (क) वित्तीय देयताएं | | | | |
| | (i) अन्य वित्तीय देयताएं | 9 | 835.25 | 2,295.00 | 287.50 |
| | **कुल देयताएं** | | 25,202.83 | 27,310.19 | 14,753.65 |
| | **कुल इक्विटी और देयताएं** | | **29,861.03** | **31,968.39** | **19,411.85** |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 1-3

वित्तीय विवरणों पर साथ की टिप्पणियां देखें 1-27

**निदेशक बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से**

| | | |
|---|---|---|
| **(पी. सी. हेम्बराम)** | **(ए. एस. नंदा)** | **(योगेश जुनेजा)** |
| **निदेशक** | **निदेशक** | **अध्यक्ष** |
| **डीआईएन: 02750881** | **डीआईएन: 07347825** | **डीआईएन: 02913155** |

समान तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और की ओर से
**यू. के. गोयेंका एंड कं.**
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)
(फर्म पंजीकरण सं. : 010549एन)

**आशु गोयेंका**
(साझीदार)
सदस्यता सं. : 525738

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड**
**(सीआईएन: यू93000डीएल2015जीओआई282164)**
**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि का विवरण**

(₹ सौ में)

| **विवरण** | **टिप्पणी सं.** | **31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए** | **31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए** |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से राजस्व | | - | - |
| अन्य आय | | - | - |
| **कुल आय (I)** | | - | - |
| **व्यय:** | | | |
| अन्य व्यय | | - | - |
| **कुल व्यय (II)** | | - | - |
| **कर पूर्व लाभ (I- II =III)** | | - | - |
| कर व्यय: (IV) | | | |
| चालू कर | | - | - |
| आस्थगित कर | | - | - |
| **अवधि के लिए लाभ (III - IV = V)** | | - | - |
| **अन्य व्यापक आय (VI)** | | - | - |
| **अवधि के लिए कुल व्यापक आय (V + VI =VII)** | | - | - |
| प्रति इक्विटी शेयर अर्जन : (VIII) | | | |
| मूल एवं डाइल्युटेड (प्रति 10 रुपये मूल्य के बराबर) | 11 | - | - |
| महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां | 1-3 | | |
| वित्तीय विवरणों पर साथ की टिप्पणियां देखें | 1-27 | | |

**निदेशक बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से**

| | | |
|---|---|---|
| **(पी. सी. हेम्बराम)** | **(ए. एस. नंदा)** | **(योगेश जुनेजा)** |
| **निदेशक** | **निदेशक** | **अध्यक्ष** |
| **डीआईएन: 02750881** | **डीआईएन: 07347825** | **डीआईएन: 02913155** |

समान तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और की ओर से
**यू. के. गोयेंका एंड कं.**
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)
(फर्म पंजीकरण सं. : 010549एन)

**आशु गोयेंका**
(साझीदार)
सदस्यता सं. : 525738
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड**
**(सीआईएन: यू93000डीएल2015जीओआई282164)**
**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण**

(₹ सौ में)

| | विवरण | 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए | 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए |
|---|---|---|---|
| क. | **प्रचालनात्मक क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह:** | | |
| | कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) | - | - |
| | **कार्यशील पूंजी प्रभारों से पूर्व प्रचानात्मक लाभ/(हानि)** | - | - |
| | **कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों के लिए समायोजन :** | | |
| | - अन्य चालू वित्तीय देयताओं में वृद्धि/(कमी) | (1,459.75) | 2,007.50 |
| | **प्रचालनात्मक क्रियाकलापों से सृजित नकदी** | **(1,459.75)** | **2,007.50** |
| | आय कर का भुगतान किया गया | - | - |
| | **प्रचालनात्मक क्रियाकलापों से निवल नकदी प्रवाह** | **(1,459.75)** | **2,007.50** |
| ख. | **निवेशात्मक क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह:** | | |
| | चल रहे पूंजीगत कार्य में अभिवृद्धि | (4,187.64) | (10,844.04) |
| | **निवेशात्मक क्रियाकलापों से निवल नकदी प्रवाह** | **(4,187.64)** | **(10,844.04)** |
| ग. | **वित्तीय क्रियाकलापों से नकदी प्रवाहः** | | |
| | उधारों की आय/(पुनर्भुगतान) | (647.61) | 10,549.04 |
| | **वित्तीय क्रियाकलापों से निवल नकदी प्रवाह** | **(647.61)** | **10,549.04** |
| | **नकदी एवं नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/(कमी)** | **(6,295.00)** | **1,712.50** |
| | **आरंभिक नकदी एवं नकदी समतुल्य** | 6,712.50 | 5,000.00 |
| | **अंतिम नकदी एवं नकदी समतुल्य (Note-5)** | **417.50** | **6,712.50** |
| | **से युक्त:** | | |
| | चालू खातों में बैंकों में शेष | 417.50 | 6,712.50 |

**निदेशक बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से**

| | | |
|---|---|---|
| **(पी. सी. हेम्बराम)** | **(ए. एस. नंदा)** | **(योगेश जुनेजा)** |
| **निदेशक** | **निदेशक** | **अध्यक्ष** |
| **डीआईएन: 02750881** | **डीआईएन: 07347825** | **डीआईएन: 02913155** |

समान तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और की ओर से
**यू. के. गोयेंका एंड कं.**
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)
(फर्म पंजीकरण सं. : 010549एन)

**आशु गोयेंका**
(साझीदार)
सदस्यता सं. : 525738
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड**
**(सीआईएन: यू93000डीएल2015जीओआई282164)**
**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण**

**क. इक्विटी शेयर पूंजी**

(₹ सौ में)

| विवरण | राशि |
|---|---|
| **01 अप्रैल, 2017 को शेष** | 5,000.00 |
| वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजों में परिवर्तन | - |
| **31 मार्च, 2018 को शेष** | 5,000.00 |
| वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | - |
| **31 मार्च, 2019 को शेष** | 5,000.00 |

**ख. अन्य इक्विटी**

(₹ सौ में)

| विवरण | राशि |
|---|---|
| <u>प्रतिधारित आय</u> | |
| **01 अप्रैल, 2017 को शेष** | (341.80) |
| वर्ष (वित्तीय वर्ष 2017-2018) के लिए कुल व्यापक आय | - |
| **31 मार्च, 2018 को शेष** | (341.80) |
| वर्ष (वित्तीय वर्ष 2018-2019) के लिए कुल व्यापक आय | - |
| **31 मार्च, 2019 को शेष** | (341.80) |

**निदेशक बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से**

**(पी. सी. हेम्बराम)**
**निदेशक**
**डीआईएन: 02750881**

**(ए. एस. नंदा)**
**निदेशक**
**डीआईएन: 07347825**

**(योगेश जुनेजा)**
**अध्यक्ष**
**डीआईएन: 02913155**

समान तारीख की रिपोर्ट के अनुसार
के लिए और की ओर से
**यू. के. गोयेंका एंड कं.**
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)
(फर्म पंजीकरण सं. : 010549एन)

**आशु गोयेंका**
(साझीदार)
सदस्यता सं. : 525738
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2019

**देवघर इंफ्रा लिमिटेड**
**(सीआईएन: यू93000डीएल2015जीओआई282164)**
**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवतरणों पर टिप्पणियां**

## 1. निगम सूचना

यह कंपनी भारत सरकार के एक उपक्रम पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसीएल) की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 30 जून, 2015 को निगमित की गई थी। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय प्रथम तल, ऊर्जा निधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 में स्थित है। कंपनी कोल ब्लॉक लाइसेंस, कोल ब्लॉक भूमि, विद्युत संयंत्र भूमि और विद्युत प्रणाली के निर्माण, प्रचालन और रख रखाव के लिए और चेय्यूर राज्य में अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के भूमि, कोयला ब्लॉकों आदि के लाइसेंस पट्टे पर देने के लिए एक प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए कॉरीडोरों हेतु भूमि तथा एकीकृत ईंधन प्रणाली के लिए भूमि रखने के लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) है।

## 2. सामान्य

### (क) अनुपालन का विवरण तैयार करने का आधार

ये वित्तीय विवरण लेखांकन की ऐतिहासिक लागत और बीमांकिक आधार पर तैयार किए गए हैं और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानकों ("इंड एएस" के रूप में उल्लिखित) और कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में है। ये कंपनी के प्रथम इंड एएस वित्तीय विवरण हैं। इंड एएस में अंतरण की तारीख 1 अप्रैल, 2017 है।

कंपनी के वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों (आईएनआर) में प्रस्तुत किए गए हैं जो कि इसकी प्रकार्यात्मक मुद्रा है।

कंपनी द्वारा पहली बार अपनाए जाने की ली गई छूटों का ब्यौरा टिप्पणी संख्या 24 में दर्शाया गया है।

इन वित्तीय विवरणों में धनराशि दो दशमलव अंकों तक निकटतम सौ रुपये में राउंड ऑफ की गई है (जब तक कि अन्यथा न दर्शाया गया हो)।

### (ख) प्राक्कलनों का प्रयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को वे अनुमान और अवधारणाएं करने की आवश्यकता होती है जो वित्तीय विवरणों की तारीख को राजस्व, व्यय और परिसंपत्तियों और देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं से संबंधित प्रकटनों की सूचित की गई राशियों को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम उन प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं। प्राक्कलनों और उल्लिखित अवधारणाओं की समीक्षा

सतत आधार पर की जाती है। लेखांकन प्राक्कलनों में संशोधन उस अवधि में माना जाता है जिसमें प्राक्कलन में संशोधन किया जाता है और किसी भावी अवधि में प्रभावित होते हैं।

**3. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां**

**(क) आय/व्यय की मान्यता**

आय एवं व्यय को बीमांकिक आधार पर लेखांकित किया जाता है।

**(ख) उधार लागत**

उधार लागतों, जो अधिग्रहण, अचल संपत्तियों के निर्माण, जिन्हें उनके अपेक्षित प्रयोग के लिए तैयार करने में काफी समय लगता है, को उस सीमा तक उन परिसंपत्तियों की लागत के रूप में पूंजीकृत किया जाता है जहां तक वे उस अवधि से संबंधित होती हैं जब तक वे परिसंपत्तियां प्रयोग में रखे जाने के लिए तैयार हों। अन्य उधार लागतों को उस वर्ष में लाभ एवं हानि विवरण में लगाया जाता है जिनमें वे खर्च की जाती हैं।

**(ग) चल रहे पूंजीगत कार्य**

निर्माण अवधि के दौरान भूमि के अधिग्रहण/सर्वेक्षण/अध्ययन/जांच/परामर्श/प्रशासन/मूल्यह्रास/ब्याज आदि पर किए गए व्यय और अन्य व्यय पूंजीकृत किए जाते हैं और उन्हें चल रहे पूंजीगत कार्य के रूप में माना जाता है।

**(घ) अवधि पूर्व व्यय**

वास्तविक अवधि पूर्व त्रुटियों को उन प्रस्तुत पूर्व अवधियों के लिए तुलनात्मक राशि का पुनः उल्लेख करते हुए पूर्व की तारीख में संशोधित किया जाता है जिनमें वह त्रुटि हुई है। यदि त्रुटि प्रस्तुत शीघ्र अवधि से पूर्व हुई है तो उस प्रस्तुत शीघ्र अवधि के लिए परिसंपत्तियों, देयताओं और इक्विटी के आरंभिक शेष पुनः उल्लिखित किए जाते हैं।

**(ङ) नकदी एवं नकदी समतुल्य**

नकदी में हाथ मे नकदी और मांग जमा होते हैं। कंपनी नकद समतुल्यों को सभी अल्पकालिक शेषों (तीन माह की मूल परिपक्वता से अथवा अधिग्रहण की तारीख से कम), अत्यधिक परिसमापक निवेशों के रूप में मानती है जो नकद की ज्ञात धनराशि में तैयार रूप से परिवर्तनीय होते हैं और जो मूल्य में परिवर्तनों के कम जोखिम के अध्यधीन होते हैं।

**(च) नकदी प्रवाह विवरण**

नकदी प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष पद्धति के अनुसार तैयार किया जाता है जिससे कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) को गैर-नकदी प्रकृति के लेन-देनों और विगत अथवा भावी नकद प्राप्तियों अथवा भुगतानों

के अंतरों अथवा बीमांकों के प्रभाव के लिए समायोजित किया जाता है। कंपनी के प्रचालनात्मक, निवेश और वित्तपोषण क्रियाकलापों से नकद प्रवाह अलग किए जाते हैं।

**(छ) कराधान**

आय कर व्यय में वर्तमान एवं आस्थगित कर होते हैं। इसे लाभ एवं हानि के विवरण में दर्शाया जाता है जब यह उस मद से संबंधित हो जिसे ओसीआई में अथवा इक्विटी में सीधे ही माना जाए जिस मामले में कर इक्विटी में सीधे ही अथवा ओसीआई में भी माना जाता हो।

वर्तमान कर अधिनियमित कर दरों अथवा पर्याप्त रूप से अधिनियमित कर दरों और रिपोर्टिंग की तारीख को लागू कर दरों का प्रयोग करके तथा पूर्व वर्ष के संबंध में देय कर के समायोजनों का प्रयोग करके वर्ष के लिए कर योग्य आय पर देय प्रत्याशित कर है।

आस्थगित कर वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की वहन राशि और कर योग्य आय के परिकलन में प्रयुक्त तद्नुरूपी कर आधारों के बीच अस्थायी अंतरों पर माना जाता है। आस्थगित उन कानूनों के आधार पर कर दरों पर मापा जाता है जो रिपोर्ट की तारीख तक अधिनियमित किए गए हैं अथवा पर्याप्त रूप से अधिनियमित किए गए हैं। आस्थगित कर परिसंपत्तियां और देयताएं ऑफसेट होती हैं, यदि वर्तमान कर देयताओं और परिसंपत्तियों को ऑफसेट करने के लिए कोई कानूनी रूप से लागू किए जाने योग्य अधिकार हो और वे उसी कर प्राधिकारी द्वारा लगाए गए आय करों से संबंधित होते हैं।

आस्थगित कर परिसंपत्ति कम किए जाने वाले सभी अस्थायी अंतरों के लिए उस सीमा तक मानी जाती है कि यह संभव हो कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरूद्ध कम किए जाने वाले अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सके। आस्थगित कर परिसंपत्तियों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को की जाती है और उस सीमा तक कम की जाती हैं कि आगे यह संभव न हो कि संबंधित कर लाभ वसूल किए जाएं।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उस सीमा तक कम की जाती हैं कि यह आगे संभव न हो कि पर्याप्त कर योग्य लाभ परिसंपत्ति के सभी भागों को वसूल करने की अनुमति देने के लिए उपलब्ध हों।

**(ज) प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां**

i. प्रावधानों को उस समय माना जाता है जब कंपनी का विगत क्रियाकलाप के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व (विधिक अथवा रचनात्मक) हो, यदि यह संभव हो कि कंपनी को दायित्व का निपटान करना होगा और दायित्व की धनराशि का विश्वसनीय प्राक्कलन किया जा सके। प्रावधान के रूप में मानी गई राशि दायित्व के घेरे में जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित राशि का सर्वोत्तम अनुमान होता है। जब किसी प्रावधान के निपटान के लिए अपेक्षित कुछ अथवा सभी आर्थिक लाभ तीसरे पक्षकार से वसूल किए जाने की उम्मीद होती है तो प्राप्त राशि को एक परिसंपत्ति के रूप

में माना जाता है, यदि यह वास्तविक रूप से निश्चित हो कि प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी और प्राप्त राशि का मापन विश्वसनीय रूप से किया जा सकता है।

ii. जहां यह संभव न हो कि आर्थिक लाभों के बहिर्प्रवाह की आवश्यकता होगी अथवा धनराशि का अनुमान विश्वसनीय रूप से नहीं लगाया जा सकता तो दायित्व को लेखा संबंधी टिप्पणियों में आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट किया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्प्रवाहों की संभावना सुदूर न हो।

iii. आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तीय विवरणों में नहीं माना जाता है बल्कि वहां प्रकट किया जाता है जहां आर्थिक लाभ का बहिर्प्रवाह संभव हो।

iv. इनकी समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को की जाती है और वर्तमान प्रबंधन प्राक्कलन दर्शाने के लिए समायोजित किए जाते हैं।

**(झ) वित्तीय दस्तावेज**

वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं उस समय मानी जाती हैं जह कंपनी वित्तीय दस्तावेजों के संविदागत प्रावधानों का पक्षकार बनती है।

आरंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं उचित मूल्य जमा/घटा लेन-देन लागत पर मानी जाती हैं जो वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण अथवा इश्यू और वित्तीय देयताओं के कारण होती हैं। यदि वे वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं, जो लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर मानी जाती हैं, उसकी लेन-देन लागत लाभ तथा हानि विवरण में मानी जाती हैं।

**झ.1 वित्तीय परिसंपत्तियां**

वित्तीय परिसंपत्तियों की नियमित रूप से सभी खरीददारियां और बिक्रियां निपटान तारीख के आधार पर मान्य/अमान्य की जाती हैं।

आरंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियां बाद में वित्तीय परिसंपत्तियों के वर्गीकरण के आधार पर या तो परिशोधित लागत अथवा उचित मूल्य पर उनकी पूर्णता में मापी जाती हैं।

**i) वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण और मापन (इक्विटी दस्तावेजों को छोड़कर)**

क) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां:

जो वित्तीय परिसंपत्तियां निम्नलिखित शर्तों को पूरा करती हैं, उन्हें बाद में प्रभावी ब्याज दर पद्धति (ईआईआर) का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता हैः

- परिसंपत्ति व्यापारिक पटल के अंतर्गत रखी जाती है जिसका उद्देश्य संविदागत नकद प्रवाह एकत्रित करने के लिए परिसंपत्तियों को रखना होता है; और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें नकद प्रवाह की निर्धारित तारीखों पर वृद्धि देती हैं जो पूर्णतः बकाया मूल धनराशि पर मूल एवं ब्याज का भुगतान (एसपीपीआई) होती हैं।

ख) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां (एफवीटीओसीआई)

वित्तीय परिसंपत्ति का मापन एफवीटीओसीआई पर तब किया जाता है यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी की जाएं:

- व्यापार मॉडल का उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह एकत्रित कर और वित्तीय परिसंपत्ति की बिक्री कर दोनों के द्वारा प्राप्त किया जाता है; और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें नकद प्रवाह की निर्धारित तारीखों पर वृद्धि देती हैं जो पूर्णतः बकाया मूल धनराशि पर मूल एवं ब्याज का भुगतान (एसपीपीआई) होती हैं।.

ग) लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय संपत्ति का मापन एफवीटीपीएल पर किया जाता है जब तक कि उसका मापन लाभ एवं हानि विवरण में माने गए उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथ परिशोधित लागत अथवा एफवीटीओसीआई पर न किया गया हो।

**ii) वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

क) आरंभिक मान्यता के बाद, कंपनी परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों पर प्रत्याशित ऋण हानि (ईसीएल) को मान्यता देती है। ऋण परिसंपत्तियों को छोड़कर इन वित्तीय परिसंपत्तियों पर ईसीएल का मापन जीवनकाल प्रत्याशित हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है।

ईसीएल की मान्यता और मापन के लिए हानि संबंधी अपेक्षाएं एफवीटीओसीआई पर ऋण परिसंपत्ति में समान रूप से लागू की जाती हैं, सिवाय इसके कि ईसीएल को अन्य व्यापक आय में मान्यता दी जाती है और तुलन पत्र में ली गई राशि से कम नहीं किया जाता है।

ख) ऋण परिसंपत्तियों की हानि और लैटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) के तहत प्रतिबद्धताएं:

